ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 07-09-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-09-07 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-09-08	2021-09-09	2021-09-10	2021-09-11	2021-09-12
वर्षा (मिमी)	8.0	10.0	10.0	15.0	25.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	33.0	32.0	31.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	26.0	25.0	25.0	24.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	75	75	80	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	60	65	70	70
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12.0	14.0	12.0	14.0	14.0
पवन दिशा (डिग्री)	140	140	120	120	120
क्लाउड कवर (ओक्टा)	8	8	6	8	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (31 अगस्त – 6 सितम्बर , 2021) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान मे मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 30.5 से 34.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 24.3 से 25.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 81 से 93 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 61 से 69 प्रतिशत एवं हवा 1.4 से 6.4 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली। 7 से 10 सितम्बर को कहीं-कहीं हल्की वर्षा तथा 11 सितम्बर को मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 31.0 से 33.0 व 24.0 से 26.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 12.0-14.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 12 से 18 सितम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक, अधिकतम तापमान सामान्य से कम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई आकाशीय बिजली की गतिविधि प्राप्त करने के लिए "दामिनी ऐप" और पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" डाउनलोड करें। दामिनी ऐप और मेघदूत ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.25-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

7 से 10 सितम्बर को कहीं-कहीं हल्की वर्षा तथा 11 सितम्बर को मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	फसल में बालियाँ बनने की प्रारम्भिक अवस्था पर नत्रजन की संस्तुत मात्रा की टॉप ड्रेसिंग करें| खेत में टॉप ड्रेसिंग करते समय 2 से 3 सेंटीमीटर से अधिक पानी नहीं होना चाहिए,अतः मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए आवश्यकतानुसार सिंचाई व जल निकास की व्यवस्था करें।
मूँग	मूँग की पिछले माह बोई गई फसल में यथासमय निराई-गुड़ाई करें तथा सिंचाई मौसम पूर्वानुमान का ध्यान में रखकर करें।
मूली	मैदानी क्षेत्रो में मूली की यूरोपियन किस्मों की बुवाई इस माह कर सकते है।
अदरक	अदरक में राइजोम गलन होने पर, एज़ोक्सीस्ट्रोबिन + डाइफेनकोनाजोल का 1 मिली/लीटर पानी की दर से जड़ क्षेत्र में छिड़काव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
पपीता	पपीते में कॉलर रॉट रोग होने पर मेटलैक्सिल + मैनकोजेब (रिडोमिल गोल्ड) @ 2 ग्राम/लीटर पानी का प्रयोग बहुत प्रभावी पाया गया है। पहले छिड़काव के 10 दिन बाद दोबारा छिड़काव करें। आगामी दिनो में वर्षा की सम्भावना को देखते हुए अभी छिड़काव से बचे, अतः छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
बैंगन	बैगन में फ़ोमोप्सिस झुलसा रोग की प्रारंभिक अवस्था दिखाई दे रही है इसकी रोकथाम हेतु कार्बेन्डाजिम का 1 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। छिड़काव हवा व वर्षा के मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	भेड़ एवं बकरियों में पी.पी.आर/ बकरी प्लेग नामक बीमारी का टीका 8-12 हफ़्ते की उम्र में मेमनो को अवश्य लगवायें।
गाय	मादा बछियो का माँ से दूध छः महीने के बाद ही छुड़वाना चाहिए, ताकि उनका शारीरिक विकास अच्छे तरीके से हो सके।